आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- आज पूरे देश के साथ द्वीपसमूह मे भी राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है।
- उपराज्यपाल ने जनजातीय गौरव दिवस पर कहा धरती आबा का जीवन और जनजातीय पहचान की रक्षा का एक अमर प्रतीक है।
- उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने छठ महोत्सव में भाग लेते हुए भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा–अर्चना की ।
- लोक निवास में 30 नवम्बर को 'जनता दर्शन' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><>

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिवस देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में स्वतंत्र, जिम्मेदार और नैतिक पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। 16 नवंबर 1966 को भारतीय प्रेस परिषद ने अपना कामकाज शुरू किया था। इसी उपलक्ष्य में हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। एक स्वतंत्र संस्था के रूप में स्थापित भारतीय प्रेस परिषद का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रेस पत्रकारिता के उच्च मानकों और नैतिक मूल्यों को बनाए रखे। इस वर्ष राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह की थीम है– पत्रकारिता– लोकलुभावन या जिम्मेदार।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने द्वीपसमूह के सभी पत्रकारों, संपादकों, संवाददाताओं, छायाकारों और मीडिया जगत से जुड़े सभी लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारतीय प्रेस परिषद द्वारा इस वर्ष निर्धारित की गई थीम ''पत्रकारिता– लोकलुभावन या जिम्मेदार'' वर्तमान समय में पत्रकारिता की भूमिका और जिम्मेदारियों पर आत्ममंथन करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता किसी भी सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है। उपराज्यपाल ने सभी पत्रकारों से सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, स्वतंत्रता और जनहित के उच्च आदर्शों को बनाए रखने का आह्वान किया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल वनवासी कल्याण आश्रम, में भगवान बिरसा मुंडा जी की 151वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रेरणादायक जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके अद्वितीय योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि धरती आबा का जीवन त्याग, साहस, आत्मसम्मान और जनजातीय पहचान की रक्षा का एक अमर प्रतीक है।

इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक जनजातीय नृत्य भी पेश किए गए।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, पुलिस महानिदेशक रवींद्र सिंह यादव और उपराज्यपाल के सचिव नीरज भारती के साथ द्वीपसमूह में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने चल रही परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया।

<><><><><><><>

भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ इक्यावनवीं जयंती के अवसर पर, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने भारत भारती की ओर से आयोजित 'राष्ट्रीय एकता सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति लौह पुरुष सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण, दृढ़ निश्चय और दूरदर्शिता हमें 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रेरित करती रहेगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल छठ महापर्व के अवसर पर आयोजित छठ महोत्सव में भाग लेकर भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा–अर्चना की। उन्होंने इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि छठ महापर्व केवल उपासना का पर्व नहीं है, बल्कि यह आस्था, पवित्रता और अनुशासन का एक अद्भुत संगम है।

उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान माताएं और बहनें चार दिनों तक अत्यंत कठिन व्रत रखती हैं और कठोर अनुशासन का पालन करती हैं। इस अवसर पर सांसद, मुख्य सचिव, जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष और विभिन्न विभागों के सचिव तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्था एवं शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से प्रदर्शनी मैदान में सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्घाटन कल उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने किया। इस दौरान सांसद बिष्णु पद रे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। निकोबारी समुदाय के सदस्यों ने उपराज्यपाल का पारंपरिक रूप से स्वागत करते हुए उन्हें एक पुस्तक भी भेंट की। इस अवसर पर अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने समावेशी ग्रामीण विकास को गति देने में महिलाओं के नेतृत्व वाली पहलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में सांसद ने ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्वयं सहायता समूहों के लिए आजीविका के अवसरों को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

लोक निवास में 30 नवम्बर को 'जनता दर्शन' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनता दर्शन कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी व्यक्तियों से राज्य पोर्टल और दक्षिण अंडमान जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना पंजीकरण कराने का अनुरोध किया गया है। लोग दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे के बीच दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर भी अपने अनुरोध जमा कर जनता दर्शन के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाएगी। मुलाकात का समय पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। लोगों से अपने आवेदन 20 नवम्बर तक जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

गुरूद्वारा डॉ. दीवान सिंह में धन धन श्री गुरू नानक देव जी की पांच सौ सतावनवीं जयंती मनाई जाएगी। इसके तहत प्रभात फेरी बीस नवम्बर तक जारी रहेगी। नगर कीर्तन 21 नवम्बर को दोपहर ढाई बजे, निशान साहब सेवा 22 नवम्बर को सुबह 6 बजे, श्री अखंड पाठ 8 बजे से आरंभ होगी। मध दी अरदास 23 तारीख सुबह 8 बजे, भोग श्री अखंड पाठ 24 नवम्बर को सुबह साढ़े आठ बजे और कीर्तन दीवान सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक चलेगा। गुरु का लंगर दिन में 11 बजे से शुरू होगा। गुरु का लंगर 22 से 24 नवम्बर तक प्रतिदिन दिया जाएगा।

<><><><><><><>

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह के प्रभारी जय प्रकाश ने स्वतंत्रता सेनानी एवं जनजातीय नायक 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में कल श्री विजयपुरम में आयोजित विभिन्न 'जनजातीय गौरव दिवस' समारोहों में भाग लिया। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी के साथ अट्टम पहाड़ स्थित बिरसा नगर का दौरा किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने लोगों से अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा करने तथा भूमि अधिकारों के लिए लड़ने का आह्वान किया।

<><><><><><><>